(i) Printed Pages: 4] Roll No. ..................................

(ii) Questions : 9] **Sub. Code : 0 1 0 8**

**Exam. Code : 0 0 0 2**

# B.A./B.Sc. (General) 2nd Semester Examination

# 1047

## HINDI

## (Elective)

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 90**

**नोट :–** सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :

(i) आली रे मेरे नैणां बाण पड़ी॥
चित्त चढ़ी मेरे माधुरी मूरत, उर बिच आन अड़ी।
कब की ठाढ़ी पंथ निहारूं, अपने भवन खड़ी।
कैसे प्राण पिया बिनि राखूं, जीवन मूर जड़ी।
मीरां गिरधर हाथ बिकानी, लोग कहैं बिगरी॥

(ii) चालो मन गंगा जमना तीर॥
गंगा जमना निरमल पाणी, सीतल होत सरीर।
बंसी बजावत गावत कान्हो, संग लिया बलवीर।
मोर मुकट पीतांबर सोहै, कुंडल झलकत हीर।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर, चरण कमल पै सीर॥

(iii) धूत कहौ, अवधूत कहौ, राजपूत कहौ, जोलहा कहौ कोऊ।
काहू की बेटी सों बेटा न व्याहब, काहू की जाति बिगार न सोऊ।
तुलसी सरनाम गुलामु है राम को, जाको रुचै सो कहै कछु ओऊ।
मांगि कै खैबो, मसीत को सोइबो, लैबो को एकु न दैवे को दोऊ॥

(iv) साईं अपने चित्त की, भूल न कहिये कोय।
तब लग मन में राखिये, जब लगि कारज होय॥
जब लग कारज होय, भूल कबहूं नहिं कहिये।
दूरजन तातो होय, आप सीर ह्वै रहिये॥
कह गिरिधर कविराय, बात चतुरन के ताईं।
करतूती कह देत, आप न कहिये साईं॥ 5+5=10

(ख) मीराबाई का संक्षिप्त साहित्यिक परिचय दीजिए।

**अथवा**

तुलसीदास द्वारा लिखित 'पुष्पवाटिका-प्रसंग' का सार लिखिए। 6

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** का उत्तर दीजिए :

(i) 'झांसी की रानी' उपन्यास के उद्देश्य पर विचार कीजिए।

(ii) 'झांसी की रानी' उपन्यास के नामकरण को स्पष्ट कीजिए।

(iii) 'झांसी की रानी' उपन्यास के आधार पर राजा गंगाधर राव का चरित्र स्पष्ट कीजिए।

(iv) 'झांसी की रानी' उपन्यास की कथावस्तु काल्पनिक है या ऐतिहासिक ? स्पष्ट कीजिए। 8+8=16

3. भक्तिकाल की प्रमुख परिस्थितियों को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

कृष्ण काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 8

4. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में से किन्हीं **दस** के उत्तर दीजिए :

(i) राजरानी कवयित्री का नाम बताइए।

(ii) मीरा की प्रसिद्ध रचना का नाम लिखिए।

(iii) विनय पत्रिका की रचना किस शैली पर आधारित है ?

(iv) सीता किसकी पूजा करने के लिए पुष्पवाटिका में गई थी ?

(v) गिरिधर कविराय किस काल के कवि थे ?

(vi) गिरिधर कविराय ने किस छंद में अपना काव्य लिखा ?

(vii) मनू का जन्म कब हुआ था ?

(viii) रानी के लिए जासूसी का कार्य कौन करता था ?

(ix) रानी के काले खाँ को सहायता के रूप में क्या दिया था ?

(x) रानी के युग में सर्वश्रेष्ठ अंग्रेज सेनानायक कौन था ?

(xi) रानी के अंतिम युद्ध में पीछा करने वाले कितने गोरे बचे हुए थे ?

(xii) अष्टछाप के **दो** कवियों के नाम लिखिए।

(xiii) रामचरित मानस में प्रयुक्त छन्दों के नाम लिखिए।

(xiv) जायसी के लिखे दो ग्रन्थों के नाम बताइए।

(xv) कबीर काव्य की दो विशेषतायें लिखिए। 1×10=10

5. विभिन्न विद्वानों द्वारा दी गई उपन्यास की परिभाषाएँ लिखिए।

**अथवा**

उपन्यास के वर्गीकरण को स्पष्ट कीजिए। 7

6. किन्हीं **पाँच** मुहावरे/लोकोक्तियों के अर्थ बताकर वाक्य बनाइए :

अंधे को दीपक दिखाना, उल्टी गंगा बहाना, चादर देखकर पाँव पसारना, पानी-पानी होना, आ बैल मुझे मार, एक अनार सौ बीमार, मन चंगा तो कठौती में गंगा। 10

7. किसी **एक** विषय पर अनुच्छेद लिखिए :

बेरोजगारी और अपराध, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नारी और नौकरी। 10

8. अपने छोटे भाई को पत्र लिखकर समय का महत्त्व बताइए।

**अथवा**

आपके मुहल्ले में चोरी की घटनाएँ बहुत हो रही हैं। नगर के पुलिस-अधीक्षक को मुहल्ले की सुरक्षा के लिए पत्र लिखिए। 8

9. किन्हीं **पाँच** पारिभाषिक शब्दावली के हिन्दी रूप लिखिए :

(i) Messenger

(ii) Nationality

(iii) Office

(iv) Proposal

(v) Qualification

(vi) Unemployment

(vii) Verification

(viii) Zone. 5